काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY
योग साधना केन्द्र, मालवीय भवन
YOGA SADHANA KENDRA, MALAVIYA BHAWAN

Computer Centre
डायरी सं0/Diary No. ...
दिनांक/Date ...

05 जुलाई, 2021

अधिसूचना

चतुर्मासिक अंशकालीन योग सर्टिफिकेट कोर्स सत्र-2021-22 के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं/कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों तथा उनके परिवार-सदस्यों से निर्धारित आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। योग सर्टिफिकेट कोर्स एक आंगिक विन्यासगत विधा होने के कारण इसमें दिव्यांग/विकलांग अभ्यर्थी प्रवेश के योग्य नहीं होते हैं।

इस सत्र का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम अगस्त के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ होना सम्भावित है। स्थान उपलब्ध रहने पर विश्वविद्यालय के बाहरी अभ्यर्थियों के आवेदन पर भी विचार किया जायेगा । उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वालों को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र में उचित स्थान पर प्रमाणित छायाचित्र संलग्न होना चाहिये तथा 10 एवं 12 के अंकपत्रों के अतिरिक्त समस्त शैक्षिक-प्रपत्रों की छायाप्रति भी अवश्य संलग्न करें। आवेदन-पत्र लक्ष्मण दास अतिथि गृह के सामने प्रकाशन-विक्रय-पटल कार्यालय से **50** रुपये में दिनांक **08 जुलाई, 2021** से **24.07.2021** तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यथाविधि पूर्ण आवेदन-पत्र मालवीय भवन स्थित योग साधना केन्द्र कार्यालय में कार्यालयीय समय पर दिनांक **24.07.2021** तक जमा करना अनिवार्य है। प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित मानदण्डों के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। एतद् -विषयक अन्य सूचनाएँ योग साधना केन्द्र, मालवीय भवन, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

/
समन्वयक
योग साधना केन्द्र

सूचनार्थ प्रेषित प्रतिलिपि- पत्रांक सं0/एम0बी0/यू0पी0/2021-22/

1. कुलसचिव, का. हि0. वि. वि.
2. छात्र अधिष्ठाता, का. हि. वि. वि.
3. समन्वयक, संगणक केन्द्र, का. हि. वि. वि.को बी.एच.यू. पोर्टल पर प्रकाशनार्थ।
4. सूचना जनसम्पर्क अधिकारी, का. हि. वि. वि.
5. प्रकाशन एवं विक्रय केन्द्र, का. हि. वि. वि.
6. समन्वयक, अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, का. हि. वि. वि.

05.07.2021
समन्वयक
COORDINATOR
योग साधना केन्द्र
मालवीय भवन
MALAVIYA BHAWAN
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
Banaras Hindu University